against the accused persons and a police party has been posted in the area to maintain peace and order.

## बिहार के विभिन्न कस्बों के बीच सीधे डायल घुमाकर टेलीफोन करने की व्यवस्था

207. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि बिहार के कौन-कौन से कस्बे सीधे डायल घुमाकर टेलीफोन करने की प्रणाली से परस्पर सम्बद्ध हैं और अगले वर्ष के दौरान किन-किन कस्बों को सीधे डायल घुमाकर टेलीफोन करने की व्यवस्था से जोड़ने का प्रस्ताव है ?

संचार मंत्री (डा० शंकर दयाल शर्मा) : बिहार के पटना और मुजफ्फरनगर शहर इस समय टेलीफोन उपभोक्ताओं द्वारा सीधे डायल करने की सुविधा से परस्पर जुड़े हुये हैं। इसके अतिरिक्त, पटना उपभोक्ता ट्रंक डायलिंग के आधार पर लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और दिल्ली के साथ जुड़ा हुआ है। आशा है कि आगामी एक वर्ष के दौरान पटना और छपरा को उपभोक्ता ट्रंक डायलिंग के आधार पर परस्पर जोड़ दिया जायेगा।

## Allocation of Chassis to State Transport Undertakings

208. SHRI Y. ESWARA REDDY: Will the Minister of INDUSTRY AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) whether the Ministry has been requested to allocate chassis to State Transport Undertakings on priority basis; and

(b) if so, the steps being taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY AND CIVIL SUPPLIES (SHRI A. C. GEORGE): (a) and (b). As much as 57.3 per cent in one case and 48 per cent in the other, of bus chassis manufactured by the two major manufacturers is allocated to State Transport Corporations. Efforts are constantly made to see that indents from State Transport Undertakings are met on priority basis.

## नागा विद्रोहियों तथा सुरक्षा सैनिकों के बीच मुठभेड़

209. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नागा विद्रोहियों ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं ;

(ख) क्या जनवरी, 1975 में नागा विद्रोहियों तथा सुरक्षा सैनिकों के बीच कोई सुदृढ़ मुठभेड़ हुई थ. ; और

(ग) यदि हां, तो दोनों ओर से कितने व्यक्ति मारे गये अथवा घायल हुये ?

गृह मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एफ० एच० मोहसिन) : (क) जी हां, श्रीमान् ।

(ख) जनवरी, 1975 में छिपे नागाओं और सुरक्षा सैनिको के बीच 7 मुठभेड़ें हुई। इसी अवधि के दौरान सुरक्षा सैनिकों ने तथाकथित चीन को जाते हुये एक छिपे नागा गिरोह को भी पकड़ा ।

(ग) उक्त मुठभेड़ों में एक सुरक्षा सैनिक मारा गया था और तीन जख्मी हुये थे। विद्रोहियों के साथ छिपे नागा मारे गये थे और एक जख्मी हुआ। सुरक्षा सैनिकों ने चीन जाने वाले छिपे नागा गिरोह के 101 सदस्यों को भी पकड़ा ।

## Indo-Poland agreement for Development of Jharia Coal Fields in Bihar

210. SARDAR SWARAN SINGH SOKHI: Will the Minister of ENERGY be pleased to setate

(a) whether India has entered into any economic and technical cooper-

ation agreement with Poland for development of Jharia Coal Fields in Bihar, very recently; and

(b) if so, the salient features thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF ENERGY (PROF. SIDDHESHWAR PRASAD): (a) and (b). An agreement was entered into with Poland in January, 1972, which, *inter-alia*, provided for extension of cooperation in the reorganisation and reconstruction of coking coal mines in Jharia. In pursuance of the above agreement, the Bharat Coking Coal Ltd., concluded a contract with Messrs KOPEX of Poland for planning, reconstruction and reorganization of the coking coal mines in Jharia Coalfield. This agreement/contract is reviewed from time to time. The latest review was done in January 1975 by the Indo-Polish Joint Commission during its second session in New Delhi. According to this agreement, M/s. KOPEX would give expertise and render services and collaborate in the prepueration of feasibility report of such reconstruction and reorganization The above arrangement of deputation of Polish experts and preparation of preliminary project report forms the first phase of collaboration.

### वित्तीय संसाधनों की कमी और लागत में वृद्धि के कारण योजनाओं की प्राथमिकता में फेर-बदल

211 श्री आर० वी० बड़े :

श्री माधव राव सिंधिया :

श्री अटल बिहारी वाजपेयी :

श्री जगन्नाथराव जोशी :

क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में प्रति वर्ष तथा वर्तमान वर्ष में अब तक जीवन निर्वाह मूल्य में वृद्धि की प्रतिशतता कितनी-कितनी रही है और पांचवी योजना के विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों पर उसका क्या व कितना असर पड़ा है ; और

(ख) मंहगाई और आर्थिक संसाधनों की कमी को देखते हुए क्या योजनाओं की प्राथमिकताओं में भी फेर-बदल किया गया है और यदि हां, तो क्या ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) (क) औद्योगिक कर्मचारियों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में परिवर्तन होने के कारण जीवन निर्वाह मूल्य में वर्ष 1971–72, 1972–73 और 1973–74 में क्रमश: 3.2, 7.8 और 20.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू वित्तीय वर्ष अप्रैल दिसम्बर, 1974 के दौरान इसमें 26.0 प्रतिशत की और वृद्धि हुई।

पांचवी योजना का प्रारूप 1972–73 के मूल्यों के अनुसार बनाया गया था। तब से जीवन-निर्वाह मूल्य और सामान्य मूल्य स्तर में जो वृद्धि हुई तथा अन्य घटनायें घटित हुई जैसे अन्तर्राष्ट्रीय मूल्यों खासकर कच्चे तेल और उसके उत्पादनों के मूल्यों में वृद्धि, के कारण पांचवी योजना प्रारूप के लक्ष्यों और संकेतों पर भिन्न-भिन्न मात्राओं में प्रभाव पड़ा। बहरहाल, इस समय इनका ठीक-ठीक क्या प्रभाव पड़ा यह बताना सम्भव नहीं है।

(ख) इस सारे मामले पर विचार किया जा रहा है। फिलहाल वार्षिक योजना 1975-76 कृषि, सिंचाई और ऊर्जा साधनों जैसे बिजली, तेल व कोयला को प्राथमिकता देकर तैयार की जा रही है।